समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 19 August 2026

# फिरोजाबाद : पुलिस मुठभेड़ मे कुंख्यात गैगंस्टर बारिश गिरफ्तार, पैर मे गोली लगने से अस्पताल मे भंर्ती

CL SAINI Published on 27 Sep 2025




सीएल सैनी | फिरोजाबाद | समाचार वाणी न्यूज़

फिरोजाबाद जिले के शिकोहाबाद कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार की देर रात पुलिस और कुख्यात अपराधी बारिश के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में गैंगस्टर बारिश के पैर में गोली लगी, जिसके बाद पुलिस ने उसे दबोच लिया। घायल अवस्था में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस का दावा है कि आरोपी लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में लिप्त था और उसके खिलाफ कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।

जानकारी के मुताबिक, शिकोहाबाद थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुख्यात अपराधी बारिश किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। सूचना पर पुलिस ने इलाके में घेराबंदी की। जैसे ही पुलिस ने बारिश को रोकने का प्रयास किया, उसने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली उसके पैर में लग गई और वह मौके पर ही गिर पड़ा।

पुलिस ने तुरंत घायल गैंगस्टर को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। फिलहाल उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। अस्पताल में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल भी तैनात कर दिया गया है।

पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, बारिश पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जा चुकी है। वह इलाके का सक्रिय अपराधी है और उसके खिलाफ लूट, चोरी, रंगदारी व अवैध हथियार रखने जैसे कई मामले दर्ज हैं। पुलिस को काफी समय से उसकी तलाश थी।

घटना की जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी बारिश लंबे समय से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयासरत थी। मुठभेड़ के दौरान उसने आत्मसमर्पण करने के बजाय फायरिंग की, जिसके चलते जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। अधिकारी ने कहा कि कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

इस मुठभेड़ की खबर फैलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। लोग कह रहे हैं कि गैंगस्टर बारिश लंबे समय से शिकोहाबाद और

आसपास के क्षेत्र में दहशत फैला रहा था। उसकी गिरफ्तारी से लोगों ने राहत की सांस ली है।

फिरोजाबाद पुलिस की इस कार्रवाई ने एक बार फिर संदेश दिया है कि अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस सख्त रुख अपनाए हुए है। गैंगस्टर बारिश की गिरफ्तारी न केवल कानून व्यवस्था के लिए बड़ी सफलता है, बल्कि यह अपराध की दुनिया में लिप्त अन्य अपराधियों के लिए भी चेतावनी है कि वे किसी भी सूरत में कानून के शिकंजे से नहीं बच सकते।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/CL SAINI, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.